पुस्तकालय

3022
31/7/09

सत्यमेव जयते

असंशोधित

21 JUL 2009

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 2–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर रहित)

प्रतिवेदन शाखा
पी०स०पृ० — ८८२ ... तिथि ३०-७-०९

टर्न-१२/आजाद/२१.७.२००९

शून्य-काल

अध्यक्ष : अब शून्य-काल लिये जायेंगे । माननीय सदस्य श्री अमरनाथ यादव ।

श्री अमरनाथ यादव : अध्यक्ष महोदय, सिवान जिला के प्रखंड हसनपुरा चौक से उसरी नदी पुल तक जाने वाला रोड पतला है, जिसमें बड़ी वाहन नहीं जा पाती, ०६-०७ में टेन्डर हो गया । अभी तक रोड चौड़ी नहीं हुआ है ।

अतः सरकार से मांग करता हूँ कि चौड़ी किया जाय ।

डा० प्रो० आर०आर० कनौजिया : अध्यक्ष महोदय, दानापुर अन्तर्गत सगुना मोड़ से खगौल जाने वाली पथ पर चौबीसों घंटे सैंकड़ों ट्रक सड़क के दोनों किनारे खड़ी रहती है जिससे वाहनों का आवागमन बाधित एवं दुर्घटनाएं आम हो गई है । उक्त मार्ग पर लगी गाड़ियों को हटाने की माँग करता हूँ ।

श्री प्रदीप कुमार : अध्यक्ष महोदय, सारण समाहरणालय के पत्रांक-५४९ एवं ६६५ - २९.५.२००८ एवं १० अप्रील २००८ द्वारा मढ़ौरा प्रखंडान्तर्गत मुआलपूर पंचायत के शिक्षामित्र नियोजन २००५ में भारी अनियमितता के मद्देनजर नियोजन रद्द कर दोषियों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया, जिसपर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जाँच की कार्रवाई का मांग करता हूँ ।

श्री राजेश सिंह : अध्यक्ष महोदय, गारन्टर के अभाव में नाबार्ड द्वारा ऋण न देने के कारण राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण धनहा में शुरू नहीं हो पा रहा है । जबकि माननीय हाईकोर्ट में सरकार का आश्वासन था फंड की व्यवस्था करने का ।

श्री रामदेव राय : अध्यक्ष महोदय, बिहार के सामान्य विद्यालयों की तरह मदरसा बोर्ड द्वारा संवद्धता प्राप्त एवं संचालित मदरसों के छात्रों को भी मीड डे मील की व्यवस्था कर सरकार अल्पसंख्यकों के बच्चों को भी तालिम प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करे ।

डॉ० अच्युतानंद : अध्यक्ष महोदय, दिनांक १९.०७.२००९ को वैशाली जिला के विदुपुर स्थित ओएसिस आवासीय विद्यालय में सुल्तानपुर निवासी श्री लक्ष्मण मिश्रा के एकमात्र पुत्र शुभम की नृसंस हत्या कर दी गयी ।

अतः मैं सरकार से हत्यारों की अविलम्ब गिरफ्तारी एवं मृतक के परिवार को १० लाख रूपया मुआवजा देने की मांग करता हूँ ।

श्री शिवजी राय : अध्यक्ष महोदय, १२ बजे रात्रि में मोतीहारी ए०एस०पी०, मेरा पैतृक आवास नोनीमन, राजेपुर थाना में पड़ता है । पच्चासों पुलिस बल के साथ मेरे घर की घेराबंदी करती है ।

मैं मांग करता हूँ कि किस तथ्य के आलोक में ए०एस०पी० रात्रि में मेरे परिवार को परेशान करती है ।

(व्यवधान)

श्री अजय कुमार बुलगानीन : अध्यक्ष महोदय, समस्तीपुर के पटोरी, चकसाहो विंदगामा मोहनपुर रूट, बिजली की ग्यारह हजार के तार, पोल काफी जर्जर है । जिसके कारण दुर्घटना होती रहती है । जिसके कारण बिजली आपूर्त्ति हमेशा बाधित रहती है । इसे बदलने की मांग सदन के माध्यम से सरकार से करता हूँ ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्य डॉ० इजहार अहमद । शांति-शांति, बैठिए ।

(व्यवधान)

डॉ० इजहार अहमद (व्यवधान) डा० इजहार अहमद, आप अपनी बात को रखिए ।

डॉ० इजहार अहमद : अध्यक्ष महोदय, दरभंगा जिले में डकैती, लूट, अपहरण की घटना की बाढ़ आ गई है । पुलिस उदासीनता से लोग दहशत में हैं । पुलिस, सैफ की वर्दी पहनकर डकैत, अपराधी घुमते हैं । कर्त्तव्यनिष्ठ, ईमानदार पुलिस के बदले दागी और दगाबाजों की पोस्टिंग थानों में हो रही है ।

सरकार दरभंगा में सुशासन कायम करे ।

श्री ललित कुमार यादव : अध्यक्ष महोदय, दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी थाना प्रभारी के लापरवाही से अपराधियों द्वारा चनौर के डा० ललन झा का अपहरण एवं पुतई के व्यवसायी मदन ठाकुर को जान से मारने की कोशिश की गई ।

अतः मैं सरकार से थानाप्रभारी के विरूद्ध उच्चस्तरीय जांचोपरांत कार्रवाई की मांग करता हूँ ।

श्री लाल बाबू राय : अध्यक्ष महोदय, सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा प्रखंड के भुआलपुर पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय हिन्दी एकमात्र प्राथमिक विद्यालय है । यहां के बच्चें एवं बच्चियों को आठवीं तक की शिक्षा के लिए बहुत दूर जाना पड़ता है, जिससे घोर कठिनाईयाँ होती है ।

अतः उक्त प्राथमिक विद्यालय को मध्य विद्यालय में उत्क्रमित करने की मांग करता हूँ ।

श्री सत्य नारायण सिंह : अध्यक्ष महोदय, पी०एम०सी०एच०, पटना में कई कमरों में अस्पताल के पुराने मशीनों एवं उपस्कर को कन्डम करके रखा गया है, जिसके कारण पठन-पाठन एवं अस्पताल का कार्य बाधित हो रहा है ।

अतः कन्डम सामग्रियों से कमरों को मुक्त करने की मांग करता हूँ ।

श्री देवदत्त प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, गोपालगंज जिलान्तर्गत सिधवलिया प्रखंड के महम्मदपुर पैक्स बैंक का प्रभार पूर्व अध्यक्ष द्वारा नये अध्यक्ष को अक्टूबर २००८ से आजतक प्रभार नहीं देने के कारण सरकार का करोड़ों रूपया फंसने से नागरिक/विकास कार्य ठप्प है।

जनहित में अविलम्ब प्रभार दिलाने हेतु सरकार का ध्यान मैं आकृष्ट करता हूँ ।

श्री राम बिनोद पासवान : अध्यक्ष महोदय, बेगूसराय जिला के मंझौल से बखरी पथ में पथ निर्माण विभाग को ११ करोड़ राशि के प्राप्ति के बाद भी संवेदक के द्वारा कार्य नहीं कराये जाने से आवागमन की समस्या बढ़ती जा रही है ।

अतएव अविलम्ब पथ निर्माण कार्य पूर्ण करने की मांग सरकार से करता हूँ ।

श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह : अध्यक्ष महोदय, स्वास्थ्य केन्द्रों में घोषित नीति, विशेषज्ञ चिकित्सकों के पदस्थापित करने के तहत मात्र छः दन्त विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति किया गया है। अतः सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में दन्त विशेषज्ञ चिकित्सकों के नियुक्ति की मांग सरकार से करता हूँ।

अध्यक्ष : अब शून्यकाल समाप्त हुआ।

(व्यवधान)

नियमानुकूल नहीं था बाकी लोगों का इसीलिए अस्वीकृत किया गया है। बैठिए प्रमोद जी, इतने आप पुराने सदस्य हैं और न जिला का नाम लिखियेगा, न अनुमंडल लिखियेगा, न ब्लॉक लिखियेगा। बैठिए। अब ध्यानाकर्षण लिये जायेंगे। श्री विश्व मोहन भारती सूचना पढ़ी हुई है। माननीय मंत्री गृह आरक्षी।

सर्वश्री विश्वमोहन भारती, अनिरूद्ध प्रसाद यादव एवं अन्य तीन सभासदों की ध्यानाकर्षण सूचना पर सरकार (गृह (आरक्षी) विभाग) की ओर से वक्तव्य।

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव,मंत्री : महोदय, इसका जवाब ३० जुलाई को दिया जायेगा।

डॉ० अच्युतानन्द, श्री दुलारचन्द सिंह एवं अन्य दस सभासदों की ध्यानाकर्षण सूचना पर सरकार (उद्योग विभाग) की ओर से वक्तव्य।

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव,मंत्री : अध्यक्ष महोदय, भारत हेवी इलेक्ट्रीकल्स लि० (भेल) का बिक्री उपरान्त कार्यालय पटना से पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में स्थानान्तरित करने के विषय को राज्य सरकार द्वारा गंभीरता से लिया जा रहा है तथा इस क्रम में राज्य हित को ध्यान में रखते हुए भेल के उच्च पदाधिकारियों से प्रासांगिक स्थानान्तरण पर विमर्श हेतु शीघ्र ही एक बैठक के आयोजन का प्रस्ताव है जिसमें भेल के बिक्री उपरान्त सर्विस कार्यालय को पटना से अन्यत्र स्थानान्तरित करने की भेल के निर्णय पर पुनर्विचार का अनुरोध किया जायेगा। इस प्रस्तावित बैठक में ऊर्जा विभाग के पदाधिकारी भी सम्मिलित रहेंगे, क्योंकि इसमें राज्य के ऊर्जा क्षेत्र का हित भी सन्निहित है। राज्य सरकार इसपर सजग है और भारत सरकार से आग्रह करेगी कि ये कार्यालय यहां से न जाय।

डा०अच्युतानन्द : महोदय, पहले भी भेल का औफिस पटना से बंद किया जा चुका है और कलकत्ता में पहले पटना सर्विसेज शाखा का स्थानान्तरण करके पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में ले जाया जा रहा है। कलकत्ता में पहले से ही भेल का एक सर्विसेज सेंटर है, जो लगभग १५०.....

अध्यक्ष : ये तो आप लिख चुके हैं, लेकिन आपका पूरक प्रश्न क्या है ?

डा०अच्युतानन्द : महोदय, मैं पूछना चाहता हूँ कि पहले भी बिहार से भेल का एक रोड ऑफिस भारत सरकार ले गया है कलकत्ता और फिर भेल का कार्यालय ले जायेगा तो फिर हमारे यहां झारखण्ड और बिहार में ऊर्जा के सप्लाई में दिक्कत होगा। इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि आखिर भेल को कलकत्ता ले जाने के भारत सरकार के निर्णय के खिलाफ कितना मंत्री जी गंभीर होकर इसपर कार्रवाई करेंगे ?